**बुधवार**
25 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




गिरोह का खुलासाः भोजपुर में साढ़े 350 ग्राम हेरोईन बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# नेपाल से लेकर दिल्ली-उत्तराखंड तक हिली धरती, नुकसान नहीं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। उत्तराखंड के जोशीमठ और रामनगर में भूकंप से धरती हिली तो उत्तर प्रदेश के लखनऊ में भी भूकंप के झटकों को महसूस किया गया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 5.8 थी। भूकंप का केंद्र नेपाल में था, जिसकी गहराई जमीन के 10 किलोमीटर नीचे थी। दिल्ली, यूपी, मध्य प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ उत्तराखंड समेत कई राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। बिहार से हिमाचल तक धरती कुछ समय के लिए डोली। वहीं यूपी के संभल, मुरादाबाद, अमरोहा और




रामपुर में दोपहर करीब 2 बजकर 30 मिनट के आसपास बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। अचानक से धरती डोलने की वजह से लोग घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के अनुसार भारत में भूंकप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। नेपाल में कुछ घर गिरे हैं।

### बीते वर्ष 400 से ज्यादा भूकंप

इससे पहले 5 जनवरी को भी दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। जम्मू-कश्मीर में भी धरती हिली थी। वहां भी लोगों को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई थी। इसका केंद्र अफगानिस्तान का हिंदू कुश इलाका था। पिछले साल भारत में 400 से अधिक भूकंप रिकॉर्ड किए गए। वैज्ञानिकों का कहना है कि धरती के अंदर मौजूद सिर्फ 2 प्रतिशत एनर्जी रिलीज हो सकी है। हालांकि इस दौरान कोई बड़े नुकसान नहीं हुआ। वहीं केंद्र के आसपास के इलाकों में कई घर जरूर धराशायी हुए। वहीं कई इलाकों की सड़कों में दरार पड़ गए।

### जानें... क्यों आता है भूकंप

धरती मुख्य तौर पर चार परतों से बनी हुई है। इनर कोर, आउटर कोर, मैनटल और क्रस्ट। क्रस्ट और ऊपरी मैन्टल कोर को लिथोस्फेयर कहते हैं। ये 50 किलोमीटर की मोटी परत कई वर्गों में बंटी है, जिसे टैकटोनिक प्लेट्स कहा जाता है। ये टैकटोनिक प्लेट्स अपनी जगह पर हिलती रहती हैं। जब ये प्लेट ज्यादा हिल जाती हैं, तो भूकंप होता है। भूकंप की तीव्रता का अंदाजा केंद्र (एपीसेंटर) से निकलने वाली ऊर्जा की तरंगों से लगाया जाता है। अगर भूकंप की गहराई उथली हो तो इससे बाहर निकलने वाली ऊर्जा सतह के काफी करीब होती है, जिससे भयानक तबाही होती है, लेकिन जो भूकंप धरती की गहराई में आते हैं, उनसे सतह पर ज्यादा नुकसान नहीं होता।

### समझें... नुकसान का गणित

रिक्टर स्केल पर 0 से 9 या इससे अधिक आने पर होने वाले नुकसान को समझते हैं।
0-1.9- इसका पता सीस्मोग्राफ से होता है।
2-2.9- लटकी चीजें झूलती नजर आती हैं।
3-3.9- इस दौरान झटके महसूस होते हैं।
4-4.9- सभी को भूकंप के झटके लगेंगे।
5-5.9- तेज झटके लगते हैं। कमजोर मकान गिरने का डर रहता है।
6. 6.69- इस तीव्रता में घर गिर सकता है।
7-7.9- मकान गिरते हैं और जमीन पर दरारे आ जाती हैं। तबाही होती है
8-8.9- बड़े स्तर पर तबाही होती है। कई लोगों की जान जोखिम में बनी रहती है।
9 या इससे अधिक- भयानक तबाही।

# लखनऊ में बिल्डिंग गिरी तीन की मौत, कई लोग दबे



**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में अलाया अपार्टमेंट नाम की एक बिल्डिंग मंगलवार की शाम भरभराकर गिर गई। इस घटना में अब तक तीन लोगों मौत होने की पुष्टि हुई है। वहीं कई लोगों के दबे होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार अपार्टमेंट में करीब 50 परिवार रहते हैं। पुलिस फोर्स और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर मौजूद हैं और राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बताया कि बिल्डिंग अचानक गिर गई। अब तक 3 लोगों के शव बरामद हो चुके हैं, घायलों को अस्पताल भेजा जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इमारत गिरने की दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमों को मौके पर जाकर राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। चश्मदीदों ने बताया कि बिल्डिंग के ग्राउंड लेवल पर कुछ काम चल रहा था, जिस वजह से यह बिल्डिंग भरभराकर गिर गई। बिल्डिंग के गिरने से लोगों की चीख-पुकार मच गई।

- ♦ हजरतगंज इलाके में अलाया अपार्टमेंट नाम की पांच मंजिला बिल्डिंग धराशायी
- ♦ चश्मदीद बोले, बिल्डिंग के नीचे फ्लोर पर कुछ काम चल रहा था, इसी से बिल्डिंग गिरी

### सपा नेता की फैमिली भी रहती थी बिल्डिंग में

जानकारी के मुताबिक, सपा के एक बड़े नेता की फैमिली भी ऊपर की मंजिल पर रहती थी। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि फिलहाल मकसद यही है कि मलबे में दबे ज्यादा से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जाए।

**15 साल पुरानी थी इमारत:** बचाव दल ने दो लोगों को सुरक्षित निकाला है। इन्हें सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। बताया जा रहा है कि यह इमारत 15 साल पहले बनी थी।

**डेढ़ घंटे बाद शुरू हुआ रेस्क्यू:** प्रत्यक्षदर्शी राम कुमार माली ने बताया कि करीब 6:30 बजे अचानक तेज धमाके के साथ बिल्डिंग गिर गई। इसके करीब डेढ़ घंटे बाद रेस्क्यू शुरू हुआ।

## खबरें फटाफट

### मणिपुर में बीजेपी नेता की हत्या

**इंफाल।** मणिपुर में बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बीजेपी नेता एल रामेश्वर सिंह को उनके घर के पास दो हथियारबंद हमलावरों ने गोली मार दी। हमलावरों ने उन पर दो गोलियां चलाईं। थौबल जिले की पुलिस के मुताबिक रामेश्वर सिंह की हत्या के बाद इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, बीजेपी मणिपुर ने रामेश्वर सिंह की हत्या पर दुख जताया है। राज्य इकाई ने ट्वीट करके कहा, हम इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हैं। इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए और उसके अनुसार उन्हें सजा दी जाए।

### कोचिंग संचालक को मारी गोली

**मुजफ़्फ़रपुर।** मुजफ़्फ़रपुर में एक कोचिंग संचालक अभिषेक त्रिवेदी को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार घटना मुसहरी थाना क्षेत्र के नरौली की है। जहां बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया। लोगों की माने तो अभिषेक कोचिंग में बच्चों को पढ़ा रहे थे। इसी क्रम में बाइक सवार 2 अपराधी कोचिंग पर पहुंचे। उन्होंने ने एक कर्मी को अभिषेक को बुलाने को कहा। जिसके बाद बच्चों को पढ़ाना छोड़ कर वे नीचे दोनों से मिलने पहुंचे थे। तभी अपराधियों ने उन पर गोली चला दी।

## बिहार में अपराध: लूट और छिनतई की तीन घटनाओं से कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

# भागलपुर में हथियार के बल पर बैंक ऑफ इंडिया में 9 लाख की लूट

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में मंगलवार को अपराधियों ने लूट और छिनतई की तीन बड़ी घटना को अंजाम देकर नीतीश सरकार की सुशासन को खुली चुनौती दी है। अपराधियों ने यह जता दिया है कि सरकार की कानून व्यवस्था में कितना दम है। जानकारी के अनुसार भागलपुर के नवगछिया के एनएच 31 पर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया है। शाम करीब चार बजे पांच की संख्या में आए अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। हथियार से लैस अपराधियों ने बैंक के सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों को बंधक बनाया और कैश काउंटर में रखे करीब नौ लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। अपराधियों ने चेहरे पर मास्क पहन रखे थे।

**एसपी पहुंचे बैंक, इलाके में नाकेबंदी:** अपराधियों के जाने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। जिसके बाद मौके पर एसपी सुशांत कुमार सरोज और एसडीपीओ दिलीप कुमार दलबल के साथ पहुंचे। इस बीच सरेआम बैंक में डैकती से इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने इलाके में नाकेबंदी कर दी। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए वाहन चेकिंग और छापेमारी जारी रही। खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी होने की सूचना नहीं मिली। घटना के संबंध में एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि पांच की संख्या में आए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। पुलिस ने बैंककर्मियों और सुरक्षा गार्डों से भी पूछताछ की है।

**लगातार लूट की घटनाएं :** पूरे प्रदेश में आए दिन इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं। बढ़ते अपराध ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कभी बैंक में लूट होती है तो कभी राह चलते किसी से लूट की घटना को अंजाम दिया जाता है। दुकान में घुसकर दुकानदार से मारपीट कर लूटपाट की घटनाएं भी बढ़ी हैं।



### नवादा में एक शख्स से 2 लाख रुपए की छिनतई

नवादा में बैंक से रुपए निकालकर जा रहे एक शख्स से 2 लाख रुपए झपटा मारकर अपराधी फरार हो गए। दिनदहाड़े घटित यह मामला नवादा के सिसाव गांव के रहने वाले दिनेश सिंह के साथ मंगलवार को घटित हुई। पुलिस को दिनेश ने बताया कि वे पीएनबी बैंक से 2 लाख रुपया निकालकर अपने बैग में रखकर अपने घर की ओर जा रहे थे। उसी दौरान नगर थाना क्षेत्र के गढ़पर के शनि मंदिर के पास झपट्टा मार गिरोह ने रुपया बड़ा बैग लेकर फरार हो गए। अपराधियों ने नगर के नारदीगंज रोड में गढ़पर शनिदेव मंदिर के समीप घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि बैंक से पैसा निकाल ई रिक्शा पर बैठकर जा रहे थे उसी दौरान अचानक गर्दन में खुजली होने लगी। वे पास में ही बैग रखकर गर्दन खुजलाने लगे। इसी दौरान बदमाशों ने बैग को उड़ा लिया।

### शेखपुरा में हथियार दिखा बैंककर्मी से 12.5 लाख की लूट

शेखपुरा जिले में अपराधी बेखौफ होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला जिले के सदर थाना क्षेत्र में सामने आया है। जहां व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार पर एक बैंक कर्मी से साढ़े बारह लाख की लूट की घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया है। घटना के सम्बन्ध में बताया जा रहा है की बैंक कर्मी राशि लेकर बैंक में जमा करने जा रहा था। इसी बीच घात लगाए अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस संबन्ध में पीड़ित को-ओपरेटिव बैंक कर्मी हरेराम सिंह ने बताया कि वे अशोक होल्डिंग से 12 लाख 50 हजार निकाल कर पंजाब नेशनल बैंक में जमा करने जा रहे थे। इसी बीच अचानक न्यायालय के मुख्य द्वार पर बाईक सवार अपराधियों ने उनकी बाईक में टक्कर मार दी और दूसरे बाईक सवार ने उनके हाथ से बैग छीन लिया। इसके बाद पिस्टल दिखाते हुए भाग निकले। हालांकि इस पूरी घटना को लेकर डीएसपी कल्याण आनंद ने बताया कि आस पास के दूकान का सीसीटीवी खंगाला जा रहा है। दोनों बाइक सवार अपराधी दिख भी गए है। पुलिस पूरी घटना की जांच में जुट गई है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सहरसा में दो लोगों को मारी गई गोली

**सहरसा।** बिहार के सहरसा में मंगलवार को धांय धांय गोलियां चली हैं। एक ही दिन दो लोगों को निशाना बनाया गया है। पहला मामला सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई का है। यहां अहले सुबह अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। युवक को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक की हालत नाजुक है। बताया जाता है कि धनिक लाल यादव नामक सिपाही के बेटे गुगु कुमार को अपराधियों ने सुबह तीन बजे के आसपास तीन गोली मार दी। दूसरी तरफ सदर थाना क्षेत्र के ही रिफ्यूजी कॉलोनी में मंगलवार को सनोज यादव नामक युवक की कनपटी में गोली मारी है। सनोज का भी एक निजी नर्सिंग होम में इलाज जारी है। उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सनोज यादव शहर में जमीन के खरीदने और बिक्री के कारोबार में शामिल था।






## जननायक कर्पूरी ठाकुर की 99वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# जब तक जीवित रहेंगे लोगों के हित में काम करते रहेंगे: नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को सम्राट अशोक कनवेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 99वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जनता दल यूनाइटेड के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ द्वारा इसका आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व से ही हमलोग जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन करते रहे हैं। वर्ष 1988 में 64 साल की आयु में ही जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का निधन हो गया, जिससे हमें काफी दुःख हुआ। उसी समय हमने यह संकल्प लिया कि उनके जन्म दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन करते रहेंगे और वर्ष 1989 से यह कार्यक्रम शुरू किया गया। हमलोगों ने जननायक जी की स्मृति के अवसर पर उनके



द्वारा किये गये विकास कार्यों और उनकी बातों को लोगों के बीच प्रचारित करना शुरू किया। जननायक कर्पूरी ठाकुर ने हर वर्ग के उत्थान और हर क्षेत्र के विकास के लिए काम किया। वर्ष 1978 में उन्होंने अनुसूचित जाति / जनजाति, पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण लागू किया। कई पार्टियों के समर्थन से उनकी सरकार चल रही थी। दो साल बाद ही कुछ लोगों ने इधर-उधर कर उनको सत्ता से बेदखल कर दिया लेकिन आरक्षण नहीं हटा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली-नाली, हर घर बिजली, हर गांव तक सड़क, पुल-पुलियों का निर्माण आदि कार्य कराए गये हैं, उसे मेंटेन रखने के लिए भी काम किया जा रहा है ताकि लोगों को असुविधा न हो। इसके अलावा पढ़ाई, इलाज सहित जो भी आवश्यक काम हैं, वह तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। आप सभी के सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा, यही जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रति सही मायने में श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान में 75 लाख लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की है। कोई पार्टी में आता है, हम उसे आगे बढ़ाते हैं और फिर वह चला जाता है, मेरा अपना कोई स्वार्थ नही है। हमारी यही इच्छा है कि बिहार आगे बढ़े। जब तक जीवित रहेंगे लोगों के हित में काम करते रहेंगे।

## खबरें फटाफट

### बालू के अवैध खनन को लेकर छापेमारी

**सासाराम।** रोहतास पुलिस की ओर से बालू के अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार देर रात तक तीन यसेन नदी ये लगे थाना क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें आधा दर्जन ओवरलोडेड वाहन जब्त किए गए। एसपी विनित कुमार ने बताया कि रोहतास पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि डाअकोढ़ीगोला थाना, डिहरी नगर थाना एवं दरीहट थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन ओवरलोडिंग कर बालू का अवैध रूप से ढुलाई किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि जिले में अवैध खनन, परिवहन तथा ओवरलोडिंग पर पूर्णत: रोकथाम लगाने हेतु जिला स्तरीय विशेष टीम का गठन किया गया है।

### मोहनिया में एक रात में कई जगह चोरी

**भभुआ।** जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र में एक ही रात चोरों ने अलग-अलग जगहों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। वहीं, एक बैटरी चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया गया । कहीं गोदाम का ताला तोड़कर चोरों ने धान के बोरों की चोरी की ,तो कहीं घर में रखें सारे पैसे और जेवरात लेकर चले गए। थाने के सामने जब्त कर रखी गई शराब वाली कार का बैटरी चोरी करते एक चोर को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार कीया। औरंगाबाद के एटीसी टावर के प्रभात कुमार ने बताया रात्रि लगभग एक बजे चोरों द्वारा एटीसी टावर का केवल काट दिया जिससे एयरटेल और आइडिया का कनेक्शन बैठ गया। वरीय पदाधिकारी को सूचना दी और थाने में आवेदन देने के लिए आया हूं लगभग एक लाख रुपए के वायर चोरी हुई है। मोहनिया शहर के वार्ड 6 में किराए के मकान पर रहने वाले अभय प्रताप सिंह ने बताया कि हम लोग अपने गांव चले गए थे जब सुबह आए तो देखें छत के रास्ते चोर घर में ताला तोड़कर प्रवेश किया है 45 हजार नगद, एक अंगूठी, एक बाली और पांच चांदी के सिक्के भी चुरा ले गए।

# जिले के कालाजार से प्रभावित गांव में बुखार को हल्के में न लें लोग: डीपीओ

**केटी न्यूज/आरा**

- कालाजार से प्रभावित इलाकों के ग्रामीण चिकित्सको व ग्रामीणों के साथ की गई बैठक

जिले में कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग अब लोगों को जागरूक करने में जुट गया है। इस क्रम में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थानों के अधिकारियों ने कालाजार प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने कलाकार के लक्षणों की पहचान और जांच की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि कालाजार एक ऐसी बीमारी है, जो इस बीमारी से पूरी तरह से ठीक हो चुके मरीज दोबारा से अपनी चपेट में ले लेता है। इसके मरीज को बार-बार बुखार आने लगता है। साथ ही, भूख में कमी, वजन का घटना, थकान महसूस होना, पेट का बढ़ जाना आदि इसके लक्षण के रूप में दिखाई देने लगते हैं। ऐसे व्यक्ति को तुरंत नजदीक के अस्पताल में जाकर अपनी जांच करवानी चाहिए। ठीक होने के बाद भी कुछ व्यक्ति के शरीर पर चकता या दाग होने लगता है। ऐसे व्यक्तियों को भी अस्पताल जाकर अपनी जांच करानी चाहिए। इस दौरान प्रभावित इलाकों के ग्रामीण चिकित्सक और जनप्रतिनिधित भी मौजूद रहे।



ग्रामीणों को जानकारी देते अधिकारी

**लोगों को सतर्क और सावधान रहने की जरूरत :** बैठक के दौरान कालाजार के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने बताया कि जिन इलाकों में तीन साल के अंदर कालाजार के मरीज मिले हैं, उन इलाकों के लोगों को सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। यही कारण है कि सरकार भी उन इलाकों में साल में दो बार दवाओं का छिड़काव करती है। उन्होंने बताया, कालाजार के लक्षणों की पहचान होना बहुत जरूरी है। इसका असर शरीर पर धीरे-धीरे पड़ता है। यह परजीवी बालू मक्खी के जरिये फैलता है। इससे ग्रस्त मरीज खासकर गोरे व्यक्तियों के हाथ, पैर, पेट और चेहरे का रंग भूरा हो जाता है। रुक-रुक कर बुखार आना, भूख कम लगना, शरीर में पीलापन और वजन घटना, तिल्ली और लिवर का आकार बढ़ना, त्वचा-सूखी, पतली और होना और बाल झड़ना कालाजार के मुख्य लक्षण हैं। ऐसे में बुखार के लक्षण दिखाई दें, तो वो तत्काल जाकर उसकी जांच कराएं।

**बालू मक्खी कम रोशनी और नमी वाले स्थानों पर रहती है :** डीपीओ चंदन प्रसाद ने बताया, मिट्टी और बिना प्लास्टर के घरों में स्थित दरारों में बालू मक्खी के छिपने की संभावना अधिक रहती है। अमूमन बालू मक्खी कम रोशनी और नमी वाले स्थानों पर रहती है। जैसे घरों की दीवारों की दरारों, चूहों के बिल तथा ऐसे मिट्टी के टीले जहां ज्यादा जैविक तत्व और उच्च भूमिगत जल स्तर हो। ऐसे स्थान उनको पनपने में लिए बेहतर माहौल देते हैं। उन्होंने बताया यह मक्खी उड़ने में कमजोर जीव है, जो केवल जमीन से 6 फुट की ऊंचाई तक ही फुदक सकती है। मादा बालू मक्खी ऐसे स्थानों पर अंडे देती है जो छायादार, नम तथा जैविक पदार्थों से परिपूर्ण हो।

**मरीज के साथ साथ आशा कर्मी को दी जाती है राशि :** कालाजार से पीड़ित मरीज को 7100 रुपये श्रम क्षतिपूर्ति राशि दी जाती है। इसके अलावा प्रशिक्षित आशा के द्वारा मरीजों को चिह्नित करने व नजदीक के पीएचसी तक लाने एवं उनका ठीक होने तक ख्याल रखने पर प्रति मरीज 600 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। यह राशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की तरफ से दी जाती है। इसमें मरीजों के लिए 6600 रुपये और आशा के लिए 100 रुपये की राशि मुख्यमंत्री कालाजार राहत अभियान के अंतर्गत दी जाती है। वहीं प्रति मरीज एवं आशा को 500 रुपये भारत सरकार की तरफ से दिया जाता है।

## पटना के तस्करों के पास से 50 ग्राम हेरोइन व 43 हजार रुपए बरामद

# गिरोह का खुलासा: भोजपुर में साढ़े तीन सौ ग्राम हेरोइन बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार


- गौसगंज निवासी तस्कर के घर से 293 ग्राम हेरोइन, एक तराजू और मोबाइल बरामद
- बरामद हेरोइन की कीमत करीब तीस लाख रुपए आंकी जा रही

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नगर और मुफस्सिल थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अलग-अलग जगहों से 343 ग्राम हेरोईन, 43 हजार रुपए नगद, एक लग्जरी कार, एक इलेक्ट्रिक तराजू और तीन मोबाइल बरामद किया है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र से अंतरजिला हेरोइन तस्कर गिरोह के दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों पटना के रहने वाले हैं। उनमें बिहटा थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव निवासी मुकेश कुमार और प्रकाश कुमार शामिल हैं। दोनों पूर्व से हेरोइन तस्करी के धंधे से जुड़े हैं। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही आरा नगर के गौसगंज निवासी मुख्य तस्कर राजू पासवान भाग निकला। इसे लेकर नगर और मुफस्सिल थाने में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बरामद हेरोइन की कीमत करीब तीस लाख रुपए आंकी जा रही है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। एसपी ने बताया कि सोमवार की शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर स्थित बागीचे के पास हेरोईन की खरीद-बिक्री किये जाने की सूचना मिली। उस आधार पर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गयी। वहां पुलिस द्वारा होंडा कार पर सवार दो लड़कों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 50 ग्राम हेरोइन, 43 हजार रुपए और दो मोबाइल बरामद किया गया। एसपी के अनुसार दोनों ने पूछताछ में आरा से हेरोइन खरीद कर पटना में बेचने की बात स्वीकार की है। बताया कि दोनों पूर्व से ही इस धंधे में जुटे हैं। उसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।



जानकारी देते एसपी च अन्य



बरामद हेरोइन

**तस्करों की निशानदेही पर ठिकानों पर छापा :** एसपी के अनुसार गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ में मिली जानकारी और निशानदेही पर हेरोइन के धंधेबाजों के गौसगंज सहित अन्य ठिकानों पर छापेमारी की गयी। उस दौरान गौसगंज निवासी राजू पासवान के घर से 293 ग्राम हेरोइन, एक इलेक्ट्रिक तराजू और एक मोबाइल बरामद किया गया। हालांकि तस्कर छापेमारी की भनक लगते ही भाग निकला था। एसपी द्वारा बताया गया कि राजू पासवान मुख्य तस्कर है। उसकी और उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। टीम में नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे।

### मोबाइल के जरिए गिरोह का कनेक्शन खंगाल रही पुलिस :

पुलिस तस्करों के मोबाइल के जरिए गिरोह का कनेक्शन खंगाल रही है। इसके लिए पुलिस गिरफ्तार और फरार तस्करों के तीनों मोबाइल की सीडीआर खंगालने में जुटी है। पुलिस का मानना है कि इन तस्करों का कनेक्शन दूसरे राज्यों के बड़े धंधेबाजों से है। ऐसे में पुलिस इनके पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि तस्करों द्वारा हेरोइन कहां से खरीदी जाती है और उसकी सप्लाई कहां-कहां की जा रही है। पूरे धंधे में कितने लोग शामिल हैं। एसपी ने बताया कि तीनों मोबाइल से काफी नंबर मिले हैं। उनकी जांच की जा रही है।

## एक नजर

### राइस मिलरों की मनमानी पर पैक्स अध्यक्ष नाराज



**बक्सर।** जिला सहकारिता कार्यालय में सोमवार को जिले के सभी पैक्स अध्यक्ष बैठक कर राइस मिलरों की मनमानी और उनके द्वारा राइस मिल की निर्धारित क्षमता से अधिक क्षमता दिखाकर रजिस्ट्रेशन कराए जाने को लेकर आक्रोश जताया। साथ ही धान अधिप्राप्ति में आ रही गतिरोध पर विचार विमर्श किया गया। पैक्स अध्यक्षों का कहना है कि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार बक्सर जिला को 79 प्रतिशत उसना चावल और 21प्रतिशत अरवा चावल देना है। बक्सर जिले में मात्र तीन ही उसना राइस मिल हैं। जिसके साथ प्रति मिल पर 15 से 20 पैक्सों को संबद्ध किया गया है। गौरतलब हो कि जिले के तीनों उसना राइस मिलों के मिलरों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराने के समय अपनी वास्तविक क्षमता 4 एमटी की जगह 6 एमटी दशार्या गया है। जिसके कारण उस पर ज्यादा पैक्सों को सम्बद्ध किया गया है। जिसके कारण मिलर चावल देने में ज्यादा समय ले रहे हैं। एक पैक्स का एक लॉट चावल गिराने के बाद दूसरे लाट का चावल गिराने में 20 से 25 दिन का समय ले रहे हैं। जिसके कारण पैक्स को समय से पैसे का भुगतान नहीं हो पा रहा है और धान खरीद बाधित हो रही है। बैठक में मां कामाख्या एग्रो राइस मिल नादांव के ऊपर पैक्स अध्यक्षों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया गया कि प्रति क्विंटल पर मिलर द्वारा 10 से 15 किलो धान अधिक लिया जा रहा है।जो कि मानक से प्रति क्विंटल 15 किलो अधिक है।इस राइस मिल द्वारा प्रति लॉट 40 हजार रुपये की मांग की जा रही है। साथ ही इस राइस मिल की मिलिंग क्षमता 4 एमटी है। लेकिन मिलर द्वारा 6 एमटी रजिस्ट्रेशन में दशार्या गया है।एक उसना राइस मिल पर 18 से 20 पैक्सों को संबद्ध किया गया है।जिसके कारण समय पर चावल नहीं जमा हो रहा है। जिसके चलते पैक्स पर रखे धान की गुणवत्त भी खराब हो रही है।

### गरीबों, दलितों व शोषितों के मसीहा थे कर्पूरी ठाकुर



**जहानाबाद।** कर्पूरी ठाकुर की 99वीं जयंती राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं द्वारा सभी प्रखंडों में धूमधाम मनाई गई। इस अवसर पर राजद विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने काको प्रखंड के औलियाचक सामुदायिक भवन एवं जहानाबाद प्रखंड के किनारी पंचायत भवन पहुंचकर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कृतित्वों पर प्रकाश डालते हुए संघर्षों को याद किया। विधायक श्री यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर हमेशा गरीबों, मजदूरों, दलितों एवं पिछड़े लोगों के लिए सामंतवादी विचारधारा पोशक के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि इस महानायक ने राजनीति को भी जनसेवा की भावना के साथ जिया। उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जननायक कहा जाता था। वह सदा गरीबों के हक के लिए लड़ते रहे। श्री यादव कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर पहले ऐसे व्यक्ति रहे जिन्होंने आर्थिक आधार पर आरक्षरण की वकालत की थी। जिसमें उच्च वर्ग के गरीबों को भी आरक्षण दिलाने की हिमायती थे। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को उनके विचारों पर चलकर समाजहित में काम करने की जरूरत है। काको प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रंजीत पासवान ने की। इधर राजद जिलाध्यक्ष हुलासगंज प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं जहानाबाद प्रखंड के किनारी में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरविंद चन्द्रवंशी ने की।

### वाहन जांच के दौरान देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

मंगलवार के दिन टेहटा ओपी की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सरेन मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाकर एक व्यक्ति से एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार भी कर लिया है। और उसकी मोटरसाइकिल भी जप्त कर ली है। मामले की जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी के एक व्यक्ति बाइक से देसी कट्टा लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी दौरान मदारीचक निवासी अखिलेश सिंह स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से आए जिन्हें जांच के क्रम में उनके पास से एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना लाया और उसका आपराधिक इतिहास जांच कर रही है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति का बाइक ही जप्त कर लिया है। और जांच उपरांत गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेजा गया



# रिटायर शिक्षक के घर से लाखों के जेवरात की चोरी

**केटी न्यूज/आरा**

नहर में नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर रामबाग मोहल्ले में एक रिटायर शिक्षक के घर चोरी की भीषण वारदात हुई है। मकर संक्रांति के मौके पर गांव गये शिक्षक के खाली घर से चोरों द्वारा करीब 10 से 12 लाख के जेवरात उड़ा लिया गया है। कीमती कपड़े और कुछ नगदी की भी चोरी की गयी है।

घटना मंगलवार तड़के करीब तीन बजे की बतायी जा रही है। चोरों के गैस सप्लाई के लिए लगाये गये पाइप के सहारे घर में घुसने की आशंका जताई जा रही है। चोरी की वारदात रिटायर शिक्षक चंदेश्वर प्रसाद सिंह के घर हुई है। वह मूल रूप से के अगिआंव प्रखंड के नारायणपुर गांव के रहने वाले हैं। वह कुछ सालों से आनंद नगर रामबाग मोहल्ले में अपना घर बना कर रहते हैं। शिक्षक ने बताया कि मकर संक्रांति मनाने के लिए वह 10 जनवरी को पूरे परिवार के साथ गांव चले गये थे। ऐसे में उनका आरा वाला मकान में ताला बंद था। इधर, जमीन संबंधी कुछ काम के चक्कर में वह परिवार के साथ गांव पर ठहरे थे। इस बीच मंगलवार की सुबह करीब तीन बजे मोहल्ले के लोगों द्वारा उनके घर में चोर घुसने की सूचना दी गयी। उस पर वह तत्काल गांव के कुछ लोगों के साथ आरा पहुंचे। देखा कि उनके घर के सभी कमरों का ताला टूटा है और सारा सामान भी बिखरा पड़ा है। शिक्षक के अनुसार उनके घर से सोने की आठ चेन, दस अंगुठी, आठ बाली, तीन मंगलसूत्र, तीन जीउतिया, तीन मंगटिका, पांच झुमका, तीन टॉप, चांदी के पायल सहित अन्य जेवर, कीमती लहंगा, साड़ी और दो हजार रुपए की चोरी की गयी है।



घटना के बाद जानकारी लेते पीड़ित व अन्य लोग

सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस भी पहुंची और अपने स्तर से मामले की छानबीन की। पुलिस चोरों की पहचान और धरपकड़ में जुटी है। उसके लिए पुलिस मोहल्ले और आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज को भी खंगाल रही है।

### डीएम एसपी के नेतृत्व में परेड का रिहर्सल



**जहानाबाद।** गणतंत्र दिवस के आयोजन का पूर्वाभ्यास मंगलवार को स्थानीय गांधी मैदान में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन के नेतृत्व में किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अवसर पर प्रातः 08:40 बजे कारगिल चौक पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद स्थानीय अम्बेदकर चौक पर बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर को माल्यार्पण प्रातः 08:50 बजे करने के उपरांत स्थानीय गाँधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण प्रातः 08:55 बजे किया जाएगा। प्रातः 09:00 बजे राष्ट्रीय झंडोत्तोलन कार्यक्रम होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10:10 बजे समाहरणालय परिसर में झंडोत्तोलन, विकास भवन में प्रातः 10:20 बजे, अनुमंडल कार्यालय 10:30, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय 10:40, जिला परिषद कार्यालय 10:45 तथा पुलिस केंद्र में प्रातः 11:00 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूनल कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

# ग्राम सभाओं का आयोजन कर लोगों को दें टीबी की जानकारी: डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

- जनप्रतिनिधियों को टीबी की जानकारी देने के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी को दिया निर्देश

जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूनल कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य समिति के स्तर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने टीबी से होने वाले संक्रमण के संबंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया कि सभी जनप्रतिनिधियों से संपर्क स्थापित कर उन्हें टीबी के संबंध में जागरूक करें। साथ ही, उनके दायित्व एवं कर्तव्य के बारे में बताएं कि सभी जनप्रतिनिधि टीबी से संबंधित इसके लक्षण एवं इसके उपचार की जानकारी अपने पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी ग्रामवासियों को दें। ग्राम सभा में बैठक के दौरान सभी ग्रामवासियों को टीबी के लक्षण एवं उसके संबंध में सारी जानकारियां दें और यह भी बात बताए कि टीवी के ईलाज में दी जाने वाली दवा का पूरा कोर्स करे एवं दवा को बीच में न छोड़े। टीबी के इलाज में जो दवाई दी जाती है वह पूर्णतः मुफ्त है।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**मरीजों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें :** जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि टीबी से संक्रमित मरीजों की प्रखंडवार सूची बनाए तथा जिन मरीजों का इलाज हो रहा है उनका नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। एंटीबायोटिक दवा का उपयोग जब जरूरी हो तभी किया जाए। एंटीबॉडी के अधिक उपयोग से होने वाले साइड इफेक्ट के बारे में के बारे में लोगो को आम जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि फ्लैक्स के माध्यम से भी टीबी के संबंध में जन जागरूकता फैलाएं।

**स्कूली बच्चों को दें टीबी की जानकारी :** जिला पदाधिकारी महोदय ने जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया कि 9वीं क्लास से ऊपर के छात्र-छात्राओं के बीच टीबी के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराएं और सिविल सर्जन बक्सर को कहा गया कि अपने हेल्थ पर्सनल्स को स्कूलों में भेजें और बच्चों को संपूर्ण हेल्थ एवं टीवी के संबंध में भी जानकारी दें। समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन बक्सर ने फैमिली प्लानिंग के बारे में भी जानकारी दी। जिसके आलोक में जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि इसके संबंध में लोगो के बीच में जन जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार किया जाए।

बैठक में सिविल सर्जन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### सत्येन्द्र यादव हत्याकांड के चार आरोपियों ने किया सरेंडर

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के बसगितीया निवासी सत्येन्द्र यादव हत्याकांड के चार आरोपियों ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर किया है। इनमें बसगितीया के केशवधारी यादव, परशुराम यादव, दया यादव तथा कनझरूआ के मुरारी यादव शामिल है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि हत्याकांड में पुलिस पहले रामजी सिंह नामक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बता दें कि सत्येन्द्र यादव रामपुर गांव के पास संचालित होने वाले ईंट भट्ठा पर रात्रि प्रहरी का काम करता था। 13 दिसंबर की रात अपराधियों ने गोलीमार उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में परिजनों ने नामजद एफआईआर दर्ज कराया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी दबाव में आ चारों ने सरेंडर किया है।

### प्रखंड मुख्यालय में लगा रोजगार मेला

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कुशल युवा प्रशिक्षण केंद्र परिसर में मंगलवार को जिला नियोजन बक्सर के बैनर तले एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एसएम उत्पल कुमार, अमरनाथ सिंह, रवि कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जिला से आए मुख्य अतिथियों का स्वागत केंद्र के एलएफ गीता कुमारी,प्रियंका कुमारी,पिंकी कुमारी,रवि कुमार सहित अन्य छात्र छात्राओं ने पुष्प माला से किया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि यह छात्र छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर है अगर आप में हुनर है तो आपके लिए रोजगार के तमाम अवसर हैं। इस मौके पर जिला नियोजन के द्वारा विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। पंजीयन काउंटर पर प्रियंका कुमारी, पिंकी कुमारी ,गीता कुमारी मौजूद रही। रोजगार मेला में स्वदेशी अमर फार्मा कंपनी ने भाग लिया। रोजगार मेला में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भाग लिया। रोजगार मेला में कुल 50 छात्र छात्राओं ने आवेदन दिया।

# परीक्षा पे चर्चा: मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थियों को पीएम मोदी देंगे टिप्स

केटी न्यूज/बक्सर

- जिले के सभी स्कूल और कॉलेजों में होगा लाइव प्रसारण, तैयारी में जुटा शिक्षा विभाग
- 27 को होगा लाइव प्रसारण, प्रधानमंत्री के टिप्स से छात्र-छात्राओं को मिलेगा लाभ

छात्रों को परीक्षा के टेंशन से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब परीक्षा पर चर्चा का आयोजन कर रहे है। वे छात्रों को परीक्षा फोबिया से बाहर निकालने तथा परीक्षा को बला के बदले कला समझने की सीख देने के लिए खुद 27 जनवरी को लाइव आ देशभर के छात्रों को जरूरी सीख देंगे। पीएम नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम से छात्रों से लाइव टेलिकास्ट के माध्यम से रूबरू होंगे। जिसका लाइव प्रसारण दूरदर्शन नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया टीवी चैनलों के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से सुना एवं देखा जा सकता है। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में वर्ग 6 तथा इससे ऊपर के छात्रों के लिए होगा। पीएम मोदी उन्हें परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने तथा टेंशन मुक्त रहने के की टिप्स देंगे। इस आयोजन को ले शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर




दी है। सभी सरकारी व निजी स्कूलों के अधिक से अधिक बच्चों को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल कराने के लिए विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रयास शुरू कर दिया गया है।

**प्रधानाध्यापकों को जारी किया गया निर्देश :** विभाग द्वारा बताया गया है कि अधिक से अधिक बच्चों एवं अभिभावकों को परीक्षा पे चर्चा अंतर्गत पीएम के इंटरएक्टिव कार्यक्रम को सुनने व देखने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी किया है। इंटरएक्टिव कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2023 को विद्यालय में उत्सवी माहौल में देखा व सुना जाएगा। डीईओ द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि वैसे विद्यालय जहां उन्नयन बिहार का वर्ग कक्षा, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास रूम का संचालन और व्यवस्था है, वहां परीक्षा पे चर्चा 2023 को देखने और सुनने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य विद्यालय वैकल्पिक व्यवस्था के तहत टीवी, रेडियो, यूट्यूब एवं फेसबुक लाइव के माध्यम से कार्यक्रम को देख व सुन सकते है।

### आयोजन को लेकर छात्रों में बढ़ी उत्सुकता

डीईओ ने सभी विद्यालयों में इस आयोजन को कराने का निर्देश देने के साथ ही बताया है कि 28 जनवरी तक अनिवार्य रूप से बिहार शिक्षा परियोजना कार्यालय में इससे संबंधित प्रतिवेदन जमा करेंगे। प्रतिवेदन जमा नहीं करने वाले स्कूलों के प्रधान शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा तथा उनकपर कार्रवाई की जाएगी। प्रतिवेदन के साथ ही विद्यालय द्वारा बच्चों का कार्यक्रम देखते, सुनते, फोटो व विवरण के साथ पोर्टल पर अपलोड भी करने को कहा गया है। वहीं, इस आयोजन को लेकर छात्रों की उत्सुकता बढ़ गई है। गौरतलब है कि छात्रों के लिए परीक्षा सबसे बड़ी बला मानी जाती है। परीक्षा का टेंशन छात्रों को सबसे अधिक परेशान करता है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के बाद अब छात्रों को परीक्षा के दौरान होने वाली परेशानी से उबारने के लिए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत की है। उनका मानना है कि छात्रों को बेहतर तरीके से समझाकर उन्हें परीक्षा फोबिया से उबारा जा सकता है।

### लाखन डिहरा के बाद वेस्ट प्रोसेसिंग की शुरूआत करने वाला दूसरा पंचायत बना कसिया

# डीडीसी ने ग्रामीणों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ, डोर-टू-डोर होगा कचरा उठाव

- कचरा उठाव की नियमित रिपोर्ट लेने तथा मजबूती से स्वच्छता अभियान चलाने का दिया निर्देश
- 7.5 लाख रुपए की लागत से बनाया गया है प्रोसेसिंग यूनिट

केटी न्यूज/डुमरांव


शिलापट का अनावरण करते डीडीसी


प्रोसेसिंग यूनिट का जायजा लेते डीडीसी व अन्य

डुमरांव प्रखंड विकास कार्यों को लक्ष्य तक पहुंचा है। गांवों को स्वच्छ बनाए बिना स्वच्छता अभियान सफल नहीं हो सकता है। ग्रामीणों को स्वच्छता की आदतें डालनी चाहिए। उक्त बातें मंगलवार को बक्सर के डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल ने कसिया पंचायत के करूअंज गांव में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के उद्घाटन के मौके पर कहीं। उन्होंने कहा कि डुमरांव प्रखंड में विकास योजनाएं तय समय पर पूरी हो रही हैं। अन्य प्रखंडों को भी इससे सीख लेनी चाहिए। वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन करने वाला जिले का पहला पंचायत इसी प्रखंड का लाखनडिहरा बना था। जबकि कसिया अब दूसरा पंचायत बन गया है। उन्होंने वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के उद्घाटन के बाद मौके पर उपस्थित करूअंज के ग्रामीणों को स्वच्छता का पाठ भी पढ़ाया।

डीडीसी ने ग्रामीणों से कहा कि अब इस पंचायत के प्रत्येक वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा का उठाव शुरू हो गया है। ग्रामीणों को इस अभियान में शरीक हो अपने गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ व सुंदर गांव बनने से ही हमारा स्वास्थ ठीक रह सकता है। डीडीसी ने बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के खतरों से ग्रामीणों को आगाह करते हुए उन्हें स्वच्छता को अपनी आदतों में शुमार करने की नसीहत भी दी। डीडीसी ने कहा कि हम अपने परिवेश को साफ रख कई बीमारियों को दूर भगा सकते है। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत के मुखिया तथा बीडीओ को डोर टू डोर कूड़ा उठाव की नियमित रिपोर्ट लेने तथा मजबूती से स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश भी दिया। इस मौके पर डुमरांव बीडीओ संतोष कुमार, पंचायत के मुखिया धनंजय तिवारी उर्फ भरत तिवारी, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मठिला मुखिया देवेन्द्र सिंह, नंदन मुखिया रामजी सिंह, पंचायत सचिव सुशील कुमार, रंजन कुमार समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे। उपस्थित ग्रामीणों ने डीडीसी के समक्ष अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान देने की बात कही।

**साढ़े सात लाख की लागत से बना है वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट :** मिली जानकारी के अनुसार इस वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण करीब साढ़े सात लाख रुपए की लागत से किया गया है। कसिया पंचायत के कुल 12 वार्डों के लगभग दो हजार घरों से हर दिन निकलने वाले कूड़ा कचरा को इसी वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट में डाल निस्तारित किया जाएगा। मुखिया ने बताया कि ग्रामीणों को निर्देश दिया गया है कि वे हर दिन सुबह कचरा उठाव करने आने वाले स्वच्छता कर्मियों को अपने घरों से निकलने वाला कचरा देना है। मुखिया ने कहा कि उनका लक्ष्य अपने पंचायत को जिले का सबसे स्वच्छ पंचायत बनाना है। वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के उदघाटन के दौरान ग्रामीणों का उत्साह भी इस बात की तस्दीक कर रही थी कि यह पंचायत आने वाले दिनों में जिले का सबसे स्वच्छ व सुंदर पंचायत बनेगा।

## एक नजर

### रास्ते के विवाद में सगे भाइयों के बीच गोली चलने से एक घायल, जांच में जुटी पुलिस



**बक्सर।** मंगलवार की सुबह महज कुछ धुर जमीन के लिए डुमरांव थाना क्षेत्र का मुंगासी गांव रणक्षेत्र बन गया था। इस मसले पर सगे भाईयों के बीच जमकर विवाद हुआ। एक पक्ष द्वारा गोलीबारी भी की गई। गोली लगने से एक युवक जख्मी भी हो गया है। जिसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया है। समाचार लिखे जाने तक सदर अस्पताल में उसका इलाज जारी था। जबकि घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। हालांकि शाम तक इस मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। मिली जानकारी के अनुसार मुंगासी गांव के ललन सिंह के चार पुत्र है। जिनका आपस में जमीन के लिए विवाद चल रहा है। एक पक्ष के प्रमोद के द्वारा उक्त गलीनुमा रास्ते की घेराबंदी कराई गई थी। मंगलवार को नंदकुमार के पक्ष का एक युवक उस घेराबंदी को अपनी बाइक से तोड़ दिया। इसी दौरान दूसरे पक्ष द्वारा ललकारते हुए गोलीबारी शुरू कर दी गई। गोलीबारी में एक गोली नंद कुमार के पैर के अंगूठे में लग गई। इस संबंध में दो वीडियो भी वायरल हुआ है। पहले वीडियो में फायरिंग करता एक युवक दिखाई पड़ रहा है। जबकि दूसरा वीडिया सदर अस्पताल का है। जिसमें जख्मी ने बताया है कि प्रमोद सिंह और कृष्णा कुमार ने गोलियां चलाई है। हालांकि जख्मी की स्थिति खतरे से बाहर है। इस संबंध में एएसपी राज ने बताया कि रास्ते के विवाद में गोली चली है। पीड़ित पक्ष द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। वैसे पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### सार्वजनिक रास्ते को प्रशासन ने कराया अतिक्रमणमुक्त

**चौगाई।** मंगलवार को चौगाई के प्रभारी सीओ अजित कुमार के नेतृत्व में मुरार थाना क्षेत्र के फफदर गांव के दलित बस्ती में सरकारी रास्ते पर बनाए गए घर को तोड़ा गया। इस दौरान मुरार व नावानगर थाना समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी। पुलिस की मौजूदगी में दलित बस्ती अर्स्तुम कुंवर द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर बनवाए गए घर पर बुलडोजर चलवा तोड़ा गया। बता दें कि इसके पहले छह जनवरी को भी लोक शिकायत के निर्देश पर सीओ तथा पुलिसकर्मी अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। लेकिन ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण चार थानों की पुलिस को चार घंटे की मशक्कत के बाद भी बिना अतिक्रमण हटाए बैरंग लौटना पड़ा था। इस मामले में प्रशासन की खासी किरकिरी भी हुई थी। रास्ते की जमीन पर अतिक्रमण करने वाली महिला को विधवा तथा बेघर बता बस्ती वाले खड़े हो गए थे। जिस कारण प्रशासन आधा अधूरा अतिक्रमण लौट आई थी। बता दें कि इस मामले में बस्ती के ही गांधी पासवान ने अनुमंडल लोक शिकायत में परिवाद दायर कर आरोप लगाया था कि अस्तुर्रम कुंवर पति स्व कामेश्वर पासवान ने सार्वजनिक रास्ते पर घर बना उसे अतिक्रमित कर लिया है। जिस कारण आवागमन का संकट खड़ा हो गया है।

### 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**बक्सर।** शहर के नया बाजार स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर कक्षा दशम के भैया बहनों को विदाई दी गई। इनकी विदाई कक्षा नवम के भैया बहनों ने दी। कार्यक्रम का शुरूआत मनोज कुमार सिंह एवं उपेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवम की बहन स्वरा कुमारी ने किया। इसके बाद विद्यालय के आचार्य द्विजेश कुमार सिंह ने इस सम्मान समारोह की भूमिका प्रस्तुत किया। विद्यालय के आचार्यों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे की पढ़ाई सुचारू रूप से कायम रखने एवं अच्छे मुकाम तक पहुंचने की प्रेरणा दी। इस दौरान कक्षा दसवीं के भैया बहनों ने कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं तक की पढ़ाई की सफर की कहानी बारी बारी से आकर प्रस्तुत किया एवं साथी अपने छोटे भाइयों बहनों को अनुशासन संस्कार एवं संस्कृति को पालन करने पर जोर दिया। मौके पर अनुप पाठक, देवेन्द्र वर्मा, संजीव कुमार, कृष्ण कांत तिवारी, अभय पांडेय, प्रणव कुमार, रोहिणी पाठक, पुनम सिंहा, चांदनी कुमारी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### सरकार को कांग्रेस घेरने की कर रही है तैयारी

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने कहा कि केंद्र में बैठी एनडीए की सरकार को देश में महंगाई को लेकर कांग्रेस पार्टी घेरने कि तैयारी कर रही है। जिसका स्लोगन रहेगा यह देखो मोदी का खेल महंगाई को लेकर हो गई सरकार फेल। आटा कि कीमत मात्र 6 माह में एक तिहाई से भी अधिक बढ़ी है। देश के गरीब-गुरबो से लेकर मध्यम श्रेणी के लोग महंगाई से आहत हैं खाद्य सामग्री में भी अप्रत्याशित वृद्धि से आम नागरिकों में आक्रोश पनप रहा है। यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। गरीबों व किसानों के साथ कोई सिमपैथी नहीं है। पूंजीपति ही मालोमाल है। वहीं श्री चौबे ने कहा कि महंगाई को लेकर कांग्रेस पार्टी एक अनोखे अंदाज में फरवरी के दूसरे सप्ताह से विरोध शुरू किया जाएगा।

# चौसा थर्मल पावर प्लांट की कड़ी होगी सुरक्षा व्यवस्था, उपद्रवियों पर होगी कार्रवाई: डीआईजी

- चौसा पहुंच डीआईजी ने प्लांट के अधिकारियों के साथ की बैठक

केटी न्यूज/चौसा


पावर प्लांट का निरीक्षण करते डीआईजी व कंपनी के अधिकारी

शहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा मंगलवार को चौसा स्थित एसजेवीएन पॉवर प्लांट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्लांट इलाके का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा अधिकारियों से बैठ अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बता दें कि थर्मल पॉवर के अधिकारियों ने डीआईजी से सुरक्षा की मांग की थी। इसके बाद डीआईजी ने यहां एक कंपनी पुलिस बल तैनात किया है। अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ की एक कंपनी भी आने वाली है। उन्होंने प्लांट के निरीक्षण के दौरान मजदूरों तथा सिपाहियों के रहने की जगह की घेराबंदी मजबूत करने का निर्देश कंपनी अधिकारियों को दिया। डीआईजी ने कहा कि कंपनी के काम रोकने वाले उपद्रवी तत्वों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कंपनी अधिकारियों को आश्वत किया कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं होगी।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में स्थानीय किसानों के आंदोलन तथा जबरन काम बंद कराए जाने से थर्मल पॉवर का काम पिछले कई दिनों से बंद था। अब यह काम फिर से शुरू हुआ है। लेकिन स्थानीय निवासी इसमें लगातार अड़ंगा डाल रहे है। जिससे आजीज आ कंपनी अधिकारियों ने डीआईजी से सुरक्षा की गुहार लगाई थी। बैठक के दौरान कंपनी के सीईओ मनोज कुमार, एसपी मनीष कुमार समेत कई अन्य कंपनी अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। बता दें कि सोमवार को एसपी मनीष कुमार भी चौसा पहुंच अधिकारियों के साथ बैठक किए थे तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिए थे।

# चोरी के आठ स्मार्टफोन के साथ दो अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

केटी न्यूज/बक्सर

पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू जंक्शन पर विभागीय अधिकारियों के दिशा निर्देश पर जीआरपी डीडीयू और आरपीएफ द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें अंतरप्रांतीय गिरोह के दो चोर रेल पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गए।

मंगलवार की अहले सुबह करीब 4:30 बजे प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पश्चिमी छोर स्थित शहीद बाबा के मजार से 20 मीटर की दूरी पर दो संदिग्ध युवकों को धरकर जब पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गई तो उनके पास से भारी मात्रा में चोरी का कीमती स्मार्टफोन बरामद हुआ। जीआरपी डीडीयू के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम जब चेकिंग कर रही थी, तो दोनों युवक पुलिस को देखते ही खिसकने लगे। उनको धरकर जामा तलाशी ली गई तो पकड़ में आए गौतम दुबे निवासी ग्राम सहजपुरा थाना कुदरा जिला कैमूर के पास से तीन कीमती स्मार्टफोन बरामद हुए। दूसरे युवक अभिषेक कुमार दुबे निवासी ग्राम अलीपुर थाना सोनहन जिला कैमूर के पास से एक अदद कीमती स्मार्टफोन बरामद हुआ। बरामद फोनों की कीमत लगभग 80 हजार बताया गया। पूछताछ में दोनों युवकों ने बताया कि वह पटना - डीडीयू रेल खण्ड तथा डीडीयू -गया रेलखंड से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। दोनों युवकों को जीआरपी द्वारा सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया गया।

### डुमरांव राज हाई स्कूल के खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय दक्ष खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# खेल प्रतियोगिताओं से निखरती है छात्रों की प्रतिभा: विधायक

केटी न्यूज/डुमरांव

- डुमरांव विधायक ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

मंगलवार को स्थानीय राजहाई स्कूल के खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय दक्ष खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक डा अजीत कुमार सिंह, बीडीओ संतोष कुमार और बीईओ सुरेश प्रसाद ने फिता काटकर किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि बच्चों को ऐसे खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। इससे उनका शरीर स्वस्थ बनता है और प्रतिभा निखरती है। विधायक ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से निकले छात्र ताकि जिला व राज्यस्तर पर जाकर अपने विद्यालय व गांव का नाम रौशन करते है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भी इसी उदेश्य से दक्ष खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई जा रही है। जबकि बीडीओ संतोष ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलकूद भी पढ़ाई के अंग है। प्रतियोगिता में अंडर 17 में बालक वर्ग 100 मीटर दौड में विकास कुमार, सीपीएसएस हाई स्कूल, वेट लिफ्टिंग में शिवम कुमार पांडे राजहाई स्कूल डुमरांव, फुटबॉल सोवां हाई स्कूल, कबड्डी में सोवां मध्य विद्यालय और डीएवी स्कूल डुमरांव, क्रिकेट में अभिषेक कुमार और भुपेश कुमार, बैडमिंटन में दिपक कुमार, उज्जवल कुमार, दिव्यांश साह, बाक्सिंग में हर्षवर्धन सिंह और विनीत ओझा, शतरंज में अभय और अमित, गोला फेंक में तनु कुमारी महारानी ऊषारानी बालिका उच्च विद्यालय, ताइक्वांडो में अंकित यादव कैम्ब्रिज स्कूल, सुरज कुमार राजहाई स्कूल डुमरांव, अंडर 19 में कबड्डी में सोवां मध्य विद्यालय, ताइक्वांडो में सागर और हिमांशु राजहाई स्कूल डुमरांव, अंडर 14 बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में भुअर यादव राजहाई स्कूल बालक वर्ग, सलेहा खातुन मध्य विद्यालय रजडीहा बालिका वर्ग, 800 मीटर अमीत कुमार उच्च विद्यालय सोवां, उंची कूद में आयुष पांडे राजहाई स्कूल डुमरांव, लंबी कूद में पवन कुमार, मध्य विद्यालय रजडीहा, कराटे में चंदन कुमार द लिजेंड हाई स्कूल डुमरांव, 400 मीटर दौड़ में आदित्य सिंह कैम्ब्रिज स्कूल डुमरांव रहें कार्यक्रम का मंच संचालन प्लस टू राजहाई स्कूल के शिक्षक विमल कुमार सिंह ने किया। मौके पर शैलेंद्र पांडे, अशोक कुमार, मो. मुश्ताक, मो इमाम अंसारी, रवि प्रकाश, अरूण कुमार सिंह, ओम प्रकाश राम, ओम प्रकाश सिन्हा, सत्येन्द्र सिंह, कल्पना श्रीवास्तव, उषा रश्मि, ब्रजेश कुमार यादव, रामाश्रय प्रसाद सहित विभिन्न स्कूल के शारीरिक शिक्षक अपने स्कूल बच्चों के साथ उपस्थित रहें।


खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करते विधायक व अन्य

## खबरें फटाफट

### किशोरी से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** नगरा थाना पुलिस ने चचयां नहर पुलिया के पास से नवंबर माह में किशोरी को अपहरण कर रखकर दुष्कर्म करने मे आरोपित विशाल गुप्ता चचयां को गिरफ्तार कर चालान न्यायलय कर दिया। वहीं, अपहृता को चिकित्सकीय परीक्षण के बाद परिजनो को सौंप दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव से चचयां का विशाल गुप्ता नवंबर 2022 मे किशोरी को ले भागा था। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस खोजबीन कर रही थी कि थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह को सूचना मिली कि उक्त आरोपित अपहृता संग चचयां नहर पर खड़ा है। जिसे एसआई छुन्ना सिंह व हमराहियों संग घेरेबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। इधर एसआई रामसकल यादव ने निछूवाडीह मोड़ से सुपापाली निवासी व नगरा थाना के अपराधी आकाश गुप्ता को अवैध तमंचा संग गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया।

### युवक को मारी गोली, इलाजरत

**मऊ।** चिरैयाकोट नगर के खरिहानी रोड पर बड़हलगंज पुलिया के पास सोमवार की रात दो बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को सुनील यादव पुत्र जग्गी यादव उम्र लगभग 35 वर्षीय निवासी ग्राम खोदादासपुर थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ खरिहानी से चिरैयाकोट होते हुए अपने घर जा रहा था। रात को लगभग 9 बजे वह चिरैयाकोट के बड़हल पुलिया के पास पहुंचने वाला ही था कि दो बदमाशों ने उसके सीने में गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गए। घायलावस्था में ही पीड़ित स्थानीय थाना पर पहुंचा। तत्पश्चात पुलिस तुरंत उसे अस्पताल ले गई। मंगलवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**मऊ।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के आजाद मेमोरियल स्कूल के सामने रेलवे ट्रैक पार करते समय एक मजदूर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रह्लाद राजभर पुत्र अभिराज राजभर 45 वर्ष मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के कोडौरा कमालपुर गांव के निवासी थे। जो मजदूरी का काम करते थे। सोमवार की देर रात लगभग 9 :30 बजे मजदूरी करके अपने घर लौट रहे थे। तभी आजाद मेमोरियल स्कूल के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे घटनास्थल पर ही मजदूर की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जेब तलाशी करने पर मोबाइल मिला। पुलिस ने मोबाइल के माध्यम से २२२२परिजनों को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बेटियां बेटों से कम नहीं, हर क्षेत्र में नाम कर रही हैं रोशन: सांसद मस्त

- राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया कार्यक्रम

**केटी न्यूज/बलिया**

राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के अध्यक्षता में हुआ। इस कार्यक्रम में 5 नवजात बच्चियों का केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इनकी माताओं को बेबी किट एवं सम्मान पत्र दिया गया। साथ ही जनपद के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, खेल, साहसिक कार्य आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त जी द्वारा सम्मान पत्र एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगो लगा हुआ कप, टी-शर्ट एवं टोपी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। साथ ही 50 बालिकाओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।



समरहणालय में केक काटती स्कूली बच्चियां



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती स्कूली छात्राएं

माननीय सांसद ने कहा कि बेटियां न केवल समाज के लिए बल्कि राष्ट्र के लिए भी आवश्यक है। आज के समय में बेटी और बेटों में कोई अंतर नहीं रह गया है। बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही हैं और देश का गौरव बढ़ा रही हैं। इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गयी।



अपनी माताओं के साथ सम्मानित हुई नवजात बच्चियां

### उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में गाजीपुर में कार्यक्रम का आयोजन, बलिया सांसद ने की शिरकत

# विरासत की श्रेष्ठता का स्मरण नहीं करेंगे तो कभी इतिहास नहीं बना पाएंगे : सांसद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को गाजीपुर में कार्यक्रम का आयोजन रायफल क्लब परिसर में किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बलिया के सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त एवं जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी। सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त व अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर स्कूली बच्चियों ने स्वागत गीत पेश किया। समारोह में विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। परिसर में सलटूराम एवं उनकी टीम द्वारा धोबऊ नृत्य से सबका मन मोह लिया।

इस अवसर पर राईफल क्लब सभागार में लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर किए गये सम्बोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर सांसद विरेंद्र सिंह मस्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि जो अपने अतीत की श्रेष्ठता को स्मरण एवं सम्मानित नहीं करता उसका इतिहास मिट जाता है। हम अपने विरासत की श्रेष्ठता का स्मरण नही करेंगे तो कभी हम भविष्य का इतिहास नही बना सकते। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास की श्रेष्ठता गाजीपुर की देशी विरासत से सम्बद्ध है। प्रशासनिक अधिकारियों से अपील किया कि जनपद में जहां भी इस तरह की देशी विरासत है, उसे और भी विकसित करने के लिए क्या-क्या प्रसास किया जाना चाहिए, ऐसी देशी विरासतों को तलाश कर जिला योजना में सम्बद्ध किया जाए। उन्होने कहा कि यह देश कृषि प्रधान देश है लेकिन जनपद गाजीपुर पूरी कृषि प्रधान जनपद है। उद्योगो को कृषि उत्पादन से जोड़ने का काम किया जाए जिससे बड़ी संख्या में रोजगार उलब्ध होगा। इससे किसानो का उत्पाद बढेगा, किसाना को उत्पाद की लाभकारी कीमत भी मिलेगी।



### 10 बच्चों का किया गया अन्नप्राशन

कार्यक्रम मे बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित मुख्य अतिथि ने 10 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 10 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। कार्यक्रम मे जनपद के साहित्यकारों, कवियों, खिलाडियों, आंगनबाड़ी, सफाईकर्मी, आशा, स्वयं सेवा समूह की महिलाओ को उत्कृष्ट कार्य करने पर स्मृति चिन्ह एंव प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता ने किया कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केन्द्र के लेखाकार एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चन्द्र प्रसाद ने किया।





### किसानों को जितना शक्तिशाली बनाएंगे भारत उतना समृद्ध होगा

सांसद ने कहा कि भारत में किसानों को जितना शक्तिशाली बनाएंगे, भारत उतना समृद्ध बनेगा। हम लोगो को सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक समृद्धि की तरफ भी कार्य करने की जरूरत है उन्होने राजनैतिक क्षेत्रो में कार्य करने वाले सभी लोगो से निवेदन किया कि नैतिक ताकत को बढाना राजनैतिक जीवन का परमकर्तव्य है इसलिए नैतिकता का जीवन जीते हुए समाज में हर वर्ग को हम कैसे सहूलियत प्रदान कर सकते है यही समाजधर्म है और इसी तरह शासन जो कार्य करता है यही उसका राजधर्म है। समाज धर्म और राजधर्म जब एक साथ मिलकर कार्य करते है तो राष्ट्रधर्म का निर्माण होता है। उन्होने कहा कि मोहनदास कर्मचन्द गांधी जी ने कहा है कि हिन्दुस्तान की आत्मा गांव में बसती है जो गाव की ताकत नही पहचानता वह भारत की शक्ति को नही पहचान सकता। ग्राम स्वाराज ही आत्म निर्भर भारत का आधार रखता है।

### क्रांति की भावना जागृत करने वाले सूरवीरो की धरती है गाजीपुर

उन्होने कहा कि वो गाजीपुर जो पैसे और पिस्तौल के असर पर जीने वाला गाजीपुर नही होगा, बल्कि वह गाजीपुर जो, गाजीपुर के लोगो के मन के अनुसार जीने वाला गाजीपुर होगा। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन मे उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हमारा राज्य उत्तर प्रदेश आज ही के दिन 24 जनवरी 1950 मे वर्तमान स्वरूप में गठित हुआ था। इसी अवसर को हम उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के रूप में मनाते हैं। 24 जनवरी 1950 को हमारा राज्य उत्तर प्रदेश आगरा और अवध के प्रान्तो को जोड़कर गठित किया गया था। उन्होने कहा कि यह जनपद ऋषियों, मुनियों एवं तपस्वियों का जनपद रहा है। गाजीपुर एक नयी सोच एक क्रान्ति की भावना जागृत करने वाले सूरवीरो की धरती रही है। इसे शहीदो के धरती के नाम से जाना जाता है। यहां के युवाओं का अधिकतम योगदान सेना मे होता है।

### जनपद में बड़े-बड़े इन्वेस्टर्स निवेश में दिखा रहे रुचि

वर्तमान परिवेश में शासन की प्रेरणा से जनपद अब अपराध मुक्त हो गया है। यहां बड़े-बड़े इन्वेस्टर्स अपना व्यवसाय स्थापित कर निवेश कर रहे है। उन्होने कहा जनपद गाजीपुर में इन्वेस्टर्स समिट में हमारे लक्ष्य 300 करोड़ से बढकर 1753 करोड़ का निवेश करने की सहमति दिखाई है। हमारा जनपद कृषि प्रधान जनपद है यहा के उत्पाद विदेशो तक निर्यात किये जाते हैं। जनपद में जैविक खेती को बढावा देने के लिए जनपद से निकलने वाले जैविक उत्पाद के ब्रान्डिग जम्दग्नि के नाम से सांसद द्वारा अनावरण किया गया। यह ब्राण्ड हमारे जनपद की जैविक खेती की पहचान होगी। पुसिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बल के लिए पुलिस विभाग भी अन्य विभागो के साथ सामन्जस्य स्थापित कर लगातार महिला सशक्तिकरण ,उनके सुरक्षा एवं उनके सम्मान को संरक्षित रखने के लिए कार्य कर रही है।

## एक नजर

### क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार के अध्यक्ष बने देवेंद्र मिश्र



**बलिया।** क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन का चुनाव मंगलवार को सकुशल संपन्न हुआ। देवेंद्र मिश्र जहां अध्यक्ष चुने गए, वहीं अनिल कुमार मिश्र महासचिव बने। इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विवेकानंद पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता चुने गए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सुबह से मतदान का कार्यक्रम शुरू हुआ जो तीन बजे तक चला। इसके बाद मतो की गिनती शुरू हुई। इस दौरान पूरा न्यायालय परिसर पुलिस छावनी में तब्दील रहा। चुनाव परिणाम आने के बाद वकीलों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए भारी सुरक्षा के बीच वार्षिक चुनाव के लिए हुए मतदान में कुल 855मत के सापेक्ष 761 मतदाताओं ने स्वेच्छा से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता नलिनेश श्रीवास्तव ने चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि बार के अध्यक्ष के लिए छठवीं बार भी देवेंद्र नाथ मिश्र ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रणजीत सिंह को 125 मतों से शिकस्त दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने मात्र 12मतो से दिनेश कुमार सिंह को पराजित किया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष विवेका नन्द जीते, महासचिव पद के लिए अनिल मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राम विचार यादव को73मतों से शिकस्त दी। कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार गुप्ता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमित चौबे को 49 मतों से पीछे छोड़ दिया।

### दर्दनाक सड़क हादसे में अधेड़ की मौत



**बलिया।** उभांव गांव के मस्जिद के पास मंगलवार की दोपहर बाइक सवार अधेड़ को एक कार ने रौंद दिया। जिससे अधेड़ का सिर शरीर से अलग हो गया। इस घटना के बाद क्षत-विक्षत शव देख सबको रूह कांप गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरिया जिले के गौरीबाजार थाना अंतर्गत बनकटिया गांव निवासी रमाशंकर चौरसिया 40 वर्ष पुत्र दीनदयाल चौरसिया अपने घर के शादी का कार्ड रिश्तेदारी में देकर वापस घर बाइक से जा रहा था। अभी वह उभांव गांव के मस्जिद के समीप पहुंचा था कि वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया और विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन मोटरसाइकिल सवार अधेड़ को रौंदते हुए पार कर गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि युवक का धड़ और गर्दन अलग हो गया। हेलमेट लगाने के बाद भी धड़ शरीर से अलग हो गया। इस हृदय विदारक हादसे की सूचना मिलते ही उभांव पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के दो टुकड़े शव को अपने कब्जे मे लेकर परिजनों के पहुँचने के बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस हृदय विदारक हादसे में शरीर से अलग हुई सिर का ऐसा परिदृश्य जिसने देखा उसका रूह कांप उठा। उभांव इंस्पेक्टर राजीव कुमार मिश्र ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बताया कि युवक बाइक लेकर पहले ही वाहन के आगे सड़क पर गिर गया। चार पहिया वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इन दिनों आये दिन हो रही खूनी सड़क हादसे की बचाव के लिए अभी सोमवार को सैकड़ों की संख्या में मानव श्रृंखला जागरूकता अभियान का शपथ एसडीएम दीपशिखा सिंह ने दी थी। इसके महज 20 घंटे के बाद ही उभांव मस्जिद के पास यह हृदय विदारक खूनी हादसे ने राहगीरो के रौंगटे खड़े कर दिए।

### अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन स्थानीय लोगों द्वारा मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार चौहान को सौंपा। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में इस बात का जिक्र किया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के अधिवक्ताओं के हितार्थ गठित अधिवक्ता कल्याण न्यासी समिति के गठन के बावजूद उसमें प्रदेश के अधिवक्ता गण के द्वारा अंशदान से एकत्रित राशि जो लगभग 3:30 अरब रुपए से ज्यादा की राशि है लेकिन तमाम पात्र अधिवक्ता परिवारजनों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे हम अधिवक्ता गण काफी मर्म आहत है आदि बातों को लेकर अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन दिया है ज्ञापन देने वालों में खालिद जमाल खान संतलाल उदयभान आफताब अहमद आफताब आलम लालजी गौतम सैयद अली इमदाद जैदी मुनव्वर आमद श्याम शेर विजय कुमार सूर्य बली पासवान नसरुद्दीन विजय श्रीवास्तव पवन कुमार श्रीवास्तव सुधीर श्रीवास्तव आबिद एजाज राम पलट राय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### नेपाल विमान हादसे के 10वें दिन किया मृतकों का अंतिम संस्कार, मंगलवार को सौंपा गया शव

# गाजीपुर पहुंचा चारों दोस्तों का शव, नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नेपाल विमान हादसे में मारे गए गाजीपुर के चार युवकों का शव मंगलवार को उनका गांव पहुंचा। जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया गयौ। सभी के शव उनके परिजनों को मंगलवार को ही सौंपे गए थे। हादसे के 10वें दिन उनका अंतिम संस्कार हुआ। 15 जनवरी को नेपाल में यती एयरलाइन्स का विमान पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस विमान में 4 क्रू मेंबर्स समेत कुल 72 लोग सवार थे। इनमें 71 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक अब भी लापता बताया जा रहा है। इस विमान हादसे में गाजीपुर के चारों दोस्त भी सवार थे। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय सोनू जायसवाल, 23 वर्षीय विशाल शर्मा, 28 वर्षीय अनिल राजभर और 25 वर्षीय अभिषेक कुशवाहा के रूप में हुई थी। सभी गाजीपुर के कासिमाबाद क्षेत्र के रहने वाले थे। शवों की पहचान के बाद परिजन शव को लेकर एम्बुलेंस से काठमांडू से गाजीपुर पहुंचे।



डीएम आर्यका अखोरी ने बताया कि सभी मृतकों के परिवार को पांच-पांच लाख रुपये दिए जा चुके हैं। इसके अलावा सोनू जायसवाल की पत्नी को विधवा पेंशन को भी लाभ दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में मारे गए गाजीपुर के युवकों के परिवार को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी। साथ ही कहा कि नेपाल से शव लाने का खर्च भी राज्य सरकार वहन करने की भी बात कही थी। वहीं पीड़ित परिवार सोमवार को कांग्रेस के पदाधिकारी भी साथ डीएम ऑफिस पहुंचे थे। उन्होंने हर मृतक के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। डीएम ने उनकी मांग को आगे पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस मामले में डीएम ने आगे बताया कि यह सब नीतिगत चीजें हैं। उनका पत्र संबंधित अधिकारियों को भेज दिया जाएगा।

हादसे से ठीक पहले का एक वीडियो भी सामने आया था। यह वीडियो सोन जायसवाल ही बना रहा था। सोनू ने सुबह 10:41 बजे पोखरा में प्लेन लैंड होने से 55 सेकंड पहले अपने फेसबुक पेज से लाइव स्ट्रीम शुरू किया था। लाइव वीडियो स्ट्रीम होने के बाद प्लेन में माहौल खुशनुमा था। लाइव वीडियो में पीछे से दोस्तों की हंसी-मजाक की आवाज भी आ रही थी, लेकिन प्लेन क्रैश हो गया और चीख-पुकार मच गई। इसके बाद पलक झपकते ही प्लेन आग के गोले में तब्दील हो गया। सोनू के मोबाइल से आगे भी 42 सेकंड तक फेसबुक पर लाइव स्ट्रीम होता रहा है। सोनू के फेसबुक पेज से ये वीडियो 1 मिनट 37 मिनट तक लाइव होता रहा।